कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-15.09.2023

थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा वाहन चोरी के मामले मे वांछित अभियुक्त मो0 सागर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी गया तीन पहिया वाहन ऑटो बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम, चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर की सहायता से मु0अ0सं0-283/23 धारा 379/411 भा0द0वि0 से संबंधित वांछित अभियुक्त मो0 सागर पुत्र नजीर निवासी-मुर्गा वाली गली, पंचकोशी मण्डी, पंचक्रोशी मार्ग थाना सारनाथ वाराणसी को दिनांक-14.09.2023 को समय करीब 18.05 बजे शिवदासपुर पावर हाऊस के पास मण्डुवाडीह वाराणसी से मुकदमा उपरोक्त मे चोरी गये 01 अदद ऑटो के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मण्डुवाडीह पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ-अभियुक्त मो0 सागर से चोरी गयी ऑटो के संबंध मे पूछा गया तो पहले उसने बताया की यह मेरी ऑटो है लेकिन जब उससे ऑटो के कागजात मांगे गये तो दिखा न सका तथा कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि दिनांक-13.09.2023 को रात को लगभग समय 02/03 बजे यह आटो मैने शिवदास पुर मण्डुवाडीह पावर हाउस के पास से चोरी किया था।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

मो0 सागर पुत्र नजीर निवासी-मुर्गा वाली गली,पंचकोशी मण्डी,पंचक्रोशी मार्ग थाना सारनाथ वाराणसी, उम्र करीब 21 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

01 अदद चोरी गया ऑटो (थ्री व्लीहर) रजि0 नं0 UP65HT1398 बरामद।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.उ0नि0 बलिराम यादव थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।

2.हे0का0 शत्रुध्न सिंह थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।

3.हे0का0 शक्ति सिंह थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी